द्वारा ई–मेल/द्वारा फैक्स/अतिमहत्वपूर्ण/समयवद्ध

# उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद–।

संख्याःपॉच–111(वरिष्ठता)–2013 दिनॉकःदिसम्बर 23,2014

सेवा में,

1–समस्त विभागाध्यक्ष, पुलिस विभाग उत्तर प्रदेश।
2–समस्त जोनल पुलिस महानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश।
3–समस्त कार्यालयाध्यक्ष, पुलिस विभाग उत्तर प्रदेश।
4–सचिव, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ।

---

विषयः– वर्ष–2001 तक मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नति प्राप्त मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस की अन्तिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन एवं पदोन्नति की कार्यवाही के सम्बन्ध में।

---

कृपया उपरोक्त सन्दर्भ में पुलिस मुख्यालय के पत्र संख्याःपॉच–111(वरिष्ठता)2013 दिनॉकः 11–11–2014 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा मुख्य आरक्षियों, मुख्य आरक्षी स्थानीय अभिसूचना इकाई तथा उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस (विशेष श्रेणी), उपनिरीक्षक अध्यापक के नाम की सूची प्रकाशित करते हुए सूची में अंकित नाम एवं सूचनाओं का अभिलेखों से से मिलान कर सूचना उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था।

2– अवगत कराना है कि जनपदों/इकाईयों से प्राप्त सूचनाओं का समावेश एवं जिन मुख्य आरक्षियों द्वारा आपत्तियॉ/प्रत्यावेदन प्रस्तुत किये गये थे, उनका निराकरण/निस्तारण करते हुए हेड कान्स0 ना0पु0 की अन्तिम वरिष्ठता सूची इस पत्र के द्वारा प्रकाशित की जा रही है।

1–वीरता के कारण आरक्षी नागरिक पुलिस के पद से मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस के निःसवर्गीय पद पर आउट आफ टर्न पदोन्नति प्राप्त कर्मियों को वरिष्ठता सूची में शासनादेश संख्या–7249/छः–पु–1–98–24/99 दिनांक 1–5–1999 में प्रतिपादित व्यवस्था के अनुसार सम्मिलित नहीं है।

2–कुशल खिलाड़ी होने के कारण आरक्षी नागरिक पुलिस के पद से मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस के संवर्गीय पद पर आउट आफ टर्न पदान्नति प्राप्त कर्मियों को वरिष्ठता सूची में मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस के रूप में पदभार ग्रहण करने की तिथि से वरिष्ठता निर्धारित करते हुए शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या–172/6–पु0–10–2003–27(82)2001, दिनांक 07–2–2003 में निहित व्यवस्थानुसार सम्मिलित किया गया है।

3–पुलिस रेग्युलेशन के प्रस्तर–455 के अन्तर्गत मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस बनाये गये आरक्षियों को भी उनके मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस के रूप में पदभार ग्रहण करने की तिथि से वरिष्ठता निर्धारित करते हुए सम्मिलित किया गया है।

4–मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस की वरिष्ठता सूची में सम्मिलित सभी कर्मियों की वरिष्ठता उनके मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस के रूप में पदभार ग्रहण करने की तिथि से निर्धारित की गयी है।

5–यदि एक से अधिक कर्मियों की पदभार ग्रहण करने की तिथि समान है तो उनकी आरक्षी के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि के आधार पर वरिष्ठता निर्धारित की गयी है।

6–यदि एक से अधिक कर्मियों की मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर तथा आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि समान है तो उनकी जन्मतिथि के आधार पर वरिष्ठता निर्धारित की गयी है।

7–यदि एक से अधिक कर्मियों की मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर तथा आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि समान है एवं उनकी जन्मतिथि भी समान है तो अंग्रेजी में उनके नामों के आधार पर अंग्रेजी वर्णमाला के कम के अनुसार वरिष्ठता निर्धारित की गयी है।

3— हेड कान्स0 नागरिक पुलिस की अन्तिम वरिष्ठता सूची उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट http://uppolice.gov.in/page.aspx?estt.-matters-of-civil-policeपर प्रदर्शित की गयी है। **अन्तिम वरिष्ठता सूची सर्वसम्बन्धित को E-Mail से भेजी जा रही है। अन्तिम रूप से प्रकाशित की जा रही वरिष्ठता सूची में कुल–4529 हेड कान्स0 ना0पु0 के नाम सम्मिलित हैं।** कृपया उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट पर प्रदर्शित हेड कान्स0 ना0पु0 की **अन्तिम वरिष्ठता सूची को डाउनलोड कर समस्त सम्बन्धित को सूचित करते हुए अग्रेतर कार्यवाही** की जाय।

4— यह भी अवगत कराना है कि कुशल खिलाड़ी के अन्तर्गत आउट आफ टर्न पदोन्नति प्राप्त हेड कान्स0 ना0पु0 जो संवर्गीय पदों के सापेक्ष प्रोन्नति पाये है। इसके अतिरिक्त वीरता/शौर्य प्रदर्शित करने के कारण निःसंवर्गीय पदों के सापेक्ष हेड कान्स0 ना0पु0 के पद पर पदोन्नति पाये कर्मी, यदि अन्तिम वरिष्ठता सूची में सम्मिलित पाये जाते हैं तो तत्काल पुलिस मुख्यालय को अवगत कराये तथा भर्ती बोर्ड प्रपत्र–2 भरने से पूर्व संशोधित कराना सुनिश्चित करेंगे। यह संबंधित जनपद/इकाई के प्रभारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी।

5— उप निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर भर्ती/चयन के दिनांक 1–7–2009 से दिनांक 30–6–2015 तक के वर्षवार कुल 2388 रिक्त पदों के सापेक्ष "उत्तर प्रदेश उपनिरीक्षक और निरीक्षक (नागरिक पुलिस) सेवा (सातवॉ संशोधन) नियमावली–2013" के नियम–5(2) के अनुसार "अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये ज्येष्ठता के आधार" पर बोर्ड द्वारा पदोन्नति की कार्यवाही की जायेगी। उल्लेखनीय है कि दिनांक 1–7–2009 से दिनांक 30–6–2015 तक की अवधि के वर्षवार कुल 2388 रिक्त पदों **के दृष्टिगत अन्तिम वरिष्ठता सूची के हेड कान्स0 की सूचनायें उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड को भेजा जा रहा है।**

6— यह भी अवगत कराना है कि "उ0प्र0 उपनिरीक्षक और निरीक्षक (नागरिक पुलिस) सेवा (सांतवा संशोधन) नियमावली 2013 के नियम–16 (ख) शारीरिक दक्षता परीक्षा में पात्र अभ्यर्थियों से अर्हकारी प्रकृति की एक शारीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने की अपेक्षा की जायेगी। पुरूष अभ्यर्थियों से 35 मिनट में 3.2 किमी0 की दौड़ और महिला अभ्यर्थियों से 25 मिनट में 2.4 किमी0 की दौड़ पूरी करने की अपेक्षा की जायेगी। उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर प्रोन्नत हेतु केवल उन्ही अभ्यर्थियों पर विचार किया जायेगा जो शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल होगे।" इसके लिए सूची में अंकित कर्मियों को अभ्यास हेतु सूचित करने का कष्ट करें। दौड़ हेतु उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा तिथि निर्धारित की जायेगी।

7— अतः अनुरोध है कि कृपया अन्तिम वरिष्ठता सूची के **मुख्य आरक्षियों के सेवा अभिलेख प्रत्येक दशा में एक सप्ताह के अन्दर अद्यावधिक कर उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के मार्गदर्शन के अनुसार अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।**

(भगवान स्वरूप)
पुलिस उपमहानिरीक्षक, स्थापना
उत्तर प्रदेश।

संख्या तथा दिनॉक वही।

प्रतिलिपिःसमस्त परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि वे कृपया अपने परिक्षेत्र के जनपदों से उपरोक्तानुसार कार्यवाही समय से सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित करने की कृपा करें।

(भगवान स्वरूप)
पुलिस उपमहानिरीक्षक, स्थापना
उत्तर प्रदेश।

संख्या तथा दिनॉक वही।

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1– अपर पुलिस महानिदेशक, कार्मिक उ0 प्र0 लखनऊ।

2– पुलिस महानिरीक्षक,स्थापना उ0प्र0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया अपने स्तर से सर्वसम्बन्धित को अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण करने हेतु समुचित निर्देश निर्गत करने की कृपा करें।

संख्या तथा दिनॉक वही।

**प्रतिलिपि**:–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1– पुलिस उपमहानिरीक्षक, एन0आई0ए0,1/131 विजयखण्डगोमती नगर लखनऊ।

2– निदेशक, अन्य पिछड़ा वर्ग निदेशालय इन्दिरा भवन लखनऊ।

3– आयुक्त व्यापार कर विभाग उ0प्र0 लखनऊ।

4– पुलिस अधीक्षक,पावर कारपोरेशन उ0प्र0 लखनऊ।

5– पुलिस अधीक्षक,सीबीआई लखनऊ।

6– पुलिस अधीक्षक, वाणिज्य कर विभाग लखनऊ।

7– संयुक्त सचिव, इलाहाबाद विकास प्राधिकारण, इलाहाबाद।

8– सचिव, गाजियाबाद विकास प्राधिकारण, गाजियाबाद।

9– मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर।

10– संयुक्त सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ।

11– मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण, सेक्टर–6, गौतमबुद्धनगर।

-----

संख्या तथा दिनॉक वही।

**प्रतिलिपि**:–पुलिस महानिरीक्षक, तकनीकी सेवायें, उ0प्र0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि हेड का0 ना0पु0 की अन्तिम वरिष्ठता सूची पीडीएफ तथा एक्सल फाईल में उ0प्र0 पुलिस की वेबसाईट **http://uppolice.gov.in/page.aspx?estt.-matters-of-civil-police**पर प्रकाशित कराने की कृपा करें।

23/12/14

(भगवान स्वरूप)

पुलिस उपमहानिरीक्षक, स्थापना

उत्तर प्रदेश।